वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 3321 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2025 दिनांक : 12 अगस्त, 2025

कार्यालय आदेश

शैक्षिक सत्र 2025–2026 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के समस्त प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं। महाविद्यालय द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरान्त समस्त प्रवेश को समर्थ पोर्टल से एडमिशन ग्राण्ट किया जा रहा है। एडमिशन ग्राण्ट करने तथा और अधिक गति प्रदान करने हेतु निम्नानुसार जनपदवार प्रशिक्षण / कार्यशाला आयोजित की जा रही है:–

क्रं0सं0	महाविद्यालय का नाम	प्रशिक्षण / कार्यशाला का स्थान	तिथि व समय
1.	जनपद– जौनपुर से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय	टी0डी0पी0जी0 कालेज, जौनपुर	13.08.2025 समय पूर्वाह्न 11:30 बजे
2.	जनपद– गाजीपुर से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय	पी0जी0 कालेज, गाजीपुर	18.08.2025 समय पूर्वाह्न 11:30 बजे

प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय से श्री अजीत प्रताप सिंह, उप कुलसचिव, प्रो0 मिथिलेश कुमार सिंह, गणित विभाग, रज्जू भइया संस्थान (प्रवेश समन्वयक) तथा श्री नीरज कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार समस्त जनपदों के प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध है कि कृपया निर्धारित तिथि व स्थल पर समय से महाविद्यालय के समर्थ प्रवेश हेतु नामित नोडल शिक्षक तथा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु नामित तकनीकी विशेषज्ञ को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

उपरोक्तानुसार शत–प्रतिशत महाविद्यालयों को प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्राचार्य, टी0डी0 पी0जी0 कालेज, जौनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त प्रशिक्षण हेतु अपने महाविद्यालय के हाल को सुव्यवस्थित रखते हुए बिजली, पानी, माइक एवं प्रोजेक्टर की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण / कार्यशाला हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. प्राचार्य, पी0जी0 कालेज, गाजीपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त प्रशिक्षण हेतु अपने महाविद्यालय के हाल को सुव्यवस्थित रखते हुए बिजली, पानी, माइक एवं प्रोजेक्टर की उपलब्धता एवं प्रशिक्षण / कार्यशाला हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
4. प्रो0 मिथिलेश कुमार, नोडल अधिकारी, प्रवेश, श्री अजीत प्रताप सिंह, उप कुलसचिव एवं श्री नीरज कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक ।
6. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
7. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
8. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव